# राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी जुलाई , 2024

संजीव वेबसाइट से नि:शुल्क डाउनलोड करें
राजस्थान, राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी ( प्रत्येक माह )
साथ ही संजीव वेबसाइट से आप E-Book भी खरीद सकते हैं।
visit us at : www.sanjivprakashan.com

# राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय समसामयिकी जुलाई, 2024 (Current News from Daily Newspapers)

## Newspaper of 1 July, 2024

■ **30 जून, 2024 को सुजाता सौनिक (आइएएस) महाराष्ट्र की पहली महिला मुख्य सचिव बनी हैं। उल्लेखनीय है कि 1987 बैच की आईएएस अधिकारी सुजाता सौनिक महाराष्ट्र के 64 साल के इतिहास में इस शीर्ष पद पर आसीन होने वाले पहली महिला हैं।**

## Newspaper of 2 July, 2024

■ **देश में 1 जुलाई, 2024 से तीन नए आपराधिक कानून लागू हुए–**

1 जुलाई, 2024 से देश में नए आपराधिक कानून लागू हुए हैं, इनमें भारतीय न्यायसंहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम शामिल हैं।

### नए कानूनों पर एक नजर

**भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएस)–**यह दंड प्रक्रिया संहिता, 1973 (सीआरपीसी) का स्थान लेगा। पुराने कानून में 484 धाराएँ थी। नए कानून में 531 धाराएँ रहेंगी, 177 धाराओं को बदला गया है, 9 नई धाराएँ जोड़ी गई हैं और 14 धाराओं को निरस्त किया गया है।

**भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस)–**यह भारतीय दंड संहिता, 1860 (आईपीसी) का स्थान लेगा। पुराने कानून में 511 धाराएँ थी। नए कानून में 358 धाराएँ होंगी, 20 नए अपराध जोड़े गए हैं, 23 अपराधों में अनिवार्य न्यूनतम सजा रखी गई है, 6 अपराधों में सामुदायिक सेवा का दंड रखा गया है और 19 धाराओं को निरस्त किया गया है।

**भारतीय साक्ष्य अधिनियम (बीसए)–**यह भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 का स्थान लेगा। पुराने कानून में 167 धाराएँ थी। नए कानून में 170 धाराएँ होंगी, 24 धाराओं में बदलाव किया गया है, 2 नई धाराएँ जोड़ी गई है और 6 धाराएँ निरस्त की गई हैं।

■ **जून, 2024 माह का जीएसटी कलेक्शन 1.74 लाख करोड़ रुपए रहा–**

हाल ही में केन्द्र सरकार द्वारा जारी जून, 2024 के जीएसटी कलेक्शन आंकड़ों में जून, 2024 में कुल जीएसटी कलेक्शन 1.74 लाख करोड़ रुपए रहा है। इससे पूर्व मई, 2024 माह में जीएसटी कलेक्शन 1.73 लाख करोड़ रुपए रहा था। गत वर्ष जून 2023 में जीएसटी कलेक्शन 1.61 लाख करोड़ रुपए रहा था।

## Newspaper of 3 July, 2024

■ **IIT, गाँधीनगर के प्रोफेसर ने नैनो बबल खोजे, कम्प्यूटिंग की रफ्तार 10 गुना बढ़ेगी–**

हाल ही में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गांधीनगर (आइआइटी-गांधीनगर) के प्रोफेसर नवीन सिसोदिया ने कम्प्यूटिंग के क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण खोज करते हुए ऐसे मैग्नेटिक नैनो बबल की खोज की है, जो मौजूदा कंप्यूटिंग की गति को 10 गुना तक बढ़ाने में सक्षम हैं। इतना ही नहीं इससे इलेक्ट्रोनिक उपकरणों की स्टोरेज क्षमता में भी अच्छा खासा इजाफा हो रहा है। इस खोज के चलते कम्प्यूटर व इलेक्ट्रोनिक उपकरणों के माध्यम से सूचनाओं के आदान-प्रदान में तेजी आएगी, साथ ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) व अन्य सूचना तकनीक में विकास की नई संभावनाएँ खुलेंगी। प्रो. नवीन सिसोदिया ने फ्रांस, इटली और स्पेन के शोधकर्ताओं के साथ मिलकर खोजे इस मैग्नेटिक नैनो बबल को 'स्कायर्मियन्स' नाम दिया है।

**कम्प्यूटर स्टोरेज में वृद्धि–**ये नैनोबल कम्प्यूटर मेमोरी (स्टोरेज) में भविष्य के बिट्स के रूप में प्रत्याशित वृद्धि करने में सक्षम है। अपने छोटे आकार के कारण ये ऊर्जा की भी कम खपत करते हैं। इससे कम्प्यूटिंग, सूचना भंडारण क्षमता बढ़ेगी। यह सफलता सिंथेटिक एंटीफेरोमैग्नेटिक मल्टीलेयर संरचना को माध्यम के रूप में उपयोग करने से मिली है।

**900 मीटर प्रति सेकण्ड की गति–**900 मीटर प्रति सेकण्ड की गति इस खोज की सबसे बड़ी उपलब्धि है। यह नेनो बबल (स्कायर्मियन्स) मौजूदा एकल परत वाली फेरोमैग्नेटिक पतली फिल्मों में लगभग 100 मीटर/सेकण्ड की गति की तुलना में 10 गुना ज्यादा गति से प्रवाहित होते हैं। ये विशेष रूप से ले की गई बहुपरत वाली चुंबकीय संरचनाओं में 900 मीटर/सेकण्ड तय की गति से विद्युत धाराओं द्वारा स्थानांतरित होते हैं, जिससे कम्प्यूटर द्वारा होने वाले सूचनाओं के आदान प्रदान में 10 गुना की तेजी आ सकती है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 4 July, 2024

- **जापान ने 3डी तकनीक से लैस नोट लॉन्च किया–**
3 जुलाई, 2024 को जापान ने दो दशक में पहली बार नए नोट जारी किए। इन नए नोटों में '3-डी होलोग्राम' टेक्नोलॉजी इस्तेमाल की गई है। जापान के प्रधानमंत्री फूमियों किशिदा ने 10,000 येन, 5,000 येन और 1,000 येन की नई करंसी को ऐतिहासिक करार दिया।

## Newspaper of 5 July, 2024

- **हेमंत सोरेन पुनः झारखंड के मुख्यमंत्री बने–**
4 जुलाई, 2024 को झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने पुनः राजभवन में मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।
- **हाल ही में कनाडा ने पहली बार देश के सर्वोच्च सैन्य कमांडर की जिम्मेदारी एक महिला 'जैनी' को दी है। वे** 18 जुलाई को चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ के रूप में कार्यभार संभालेंगी। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो हैं।
- **केन्द्र सरकार ने स्मार्ट सिटी मिशन की अवधि को एक वर्ष बढ़ाया; नौ वर्ष में लगभग 93% काम पूरा–**
केन्द्र सरकार के महत्वाकांक्षी स्मार्ट सिटी मिशन के तहत अब तक 93 फीसदी काम पूरा हो चुका है। शेष काम पूरा करने के लिए आवास और शहरी कार्य मंत्रालय ने इसकी अवधि एक वर्ष और बढ़ा दी है। केन्द्र सरकार ने शहरी विकास में नया प्रयोग करते हुए जून 2015 में स्मार्ट सिटी मिशन लॉन्च किया था। शहरों के बीच प्रतिस्पर्धा कर 100 शहरों का चयन किया गया। इन 100 शहरों में करीब 1.6 लाख करोड़ रुपए की लागत से 8,000 से अधिक बहु-क्षेत्रीय परियोजनाएँ विकसित की जा रही है। 3 जुलाई तक 100 शहरों ने मिशन के हिस्से के रूप में 1 लाख 44 हजार 237 करोड़ रुपए की 7,188 परियोजनाएँ पूरी कर ली है। यह कुल प्रोजेक्ट का करीब 90 फीसदी है। जबकि 19 हजार 926 करोड़ रुपए की शेष 830 परियोजनाएँ भी अंतिम चरण में है। मिशना के पास 100 शहरों के लिए 48 हजार करोड़ रुपए का आवंटित बजट है। इनमें से 46,585 करोड़ रुपए 100 शहरों को आवंटित किया जा चुका है। उल्लेखनीय है कि मिशन ने 100 में से 74 शहरों को मिशन के तहत भारत सरकार ने पूरी वित्तीय सहायता भी जारी कर दी है। मिशन के तहत कार्य पूरे करने के लिए राज्य और शहरी सरकार के प्रतिनिधियों ने और अतिरिक्त समय की मांगी की थी।

## Newspaper of 6 July, 2024

- **ब्रिटेन के चुनाव में लेबर पार्टी सत्ता में आयी; कीर स्टार्मर प्रधानमंत्री नियुक्त किए गए–**
हाल ही में हुए ब्रिटेन के चुनावों में सत्तारूढ़ कंजर्वेटिव पार्टी की हार हुई है, और लेबर पार्टी भारी बहुमत से सत्ता में आयी है। लेबर पार्टी के कीर स्टार्मर को प्रधानमंत्री नियुक्त किया गया है। 650 सदस्यों वाली ब्रिटिश संसद में लेबर पार्टी को 412 सीटें मिली तथा कंजर्वेटिव पार्टी को 121 सीटें ही मिली हैं। कीर स्टार्मर ब्रिटेन के 58वें पीएम बने हैं।

## Newspaper of 7 July, 2024

- **मसूद पजशकियान ईरान के राष्ट्रपति बने–**
7 जुलाई, 2024 को सुधारवादी नेता मसूद पजशकियान ईरान के नए राष्ट्रपति बने है। ये पेशे से दिल के डॉक्टर है। इनकी ईरान के राष्ट्रपति चुनाव जीतने के निम्न कारण रहे–
  - हिजाब की अनिवार्यता से मुक्ति का वादा।
  - महिलाओं को आजादी का वादा।
  - पश्चिमी देशों के ईरान से प्रतिबंधों को हटाने का वादा।
  - लोगों से सीधा जुड़ाव तथा बदलाव लाने की गारंटी देना।

## Newspaper of 9 July, 2024

- **पेरिस ओलंपिक 2024 के उद्घाटन समारोह में बैडमिंटन स्टार पीवी संधु और टेबल टेनिस खिलाड़ी शरथ कमल तिरंगा लेकर भारतीय दल का नेतृत्व करेंगे।**
भारतीय दल के शेफ डी मिशन की जिम्मेदारी 2012 के ओलंपिक में 10 मीटर एयर राइफल के कांस्य विजेता गगन नारंग को दी गई है।
8 जुलाई, 2024 को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने उदयगिरि पहाड़ी पर स्थित जैन गुफाओं के समूह उदयगिरि गुफाओं का दौरा किया।

## Newspaper of 10 July, 2024

- **पीएम नरेन्द्र मोदी को रूस का सर्वोच्च नागरिक सम्मान मिला–**
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को रूस दौरे के अन्तर्गत रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने उन्हें रूस के नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू द एपोस्टल' से सम्मानित किया। इस सम्मान की घोषणा 2019 में की गई थी।
पीएम मोदी की रूस यात्रा के दौरान उनकी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच शिखर वार्ता हुई। इस दौरान दोनों नेताओं ने 2030 तक के लिए 9 सूत्रीय योजना का खाका तैयार किया।

**रूस-भारत के बीच 9 सूत्रीय योजना के बिन्दु–**

1. 2030 तक 100 अरब का नया व्यापार लक्ष्य रखा।
2. परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में कुडनकुलम परमाणु ऊर्जा परियोजना की तीन से छह इकाइयों पर सहयोग जारी रखने पर चर्चा हुई।

3. कनेक्टिविटी कॉरिडोर पर सहमति। इस संबंध में दोनों नेताओं ने नए प्रस्तावित पूर्वी गलियारे के बारे में बात की, जिसे चेन्नई-व्लादिवोस्तोक पूर्वी गलियारा कहा जाता है।
4. रूस से भारत को उर्वरक आपूर्ति।
5. भारत-यूरेशियन आर्थिक संघ व्यापार और सामान समझौते पर आगे बढ़ने की सहमति।
6. मानवीय सहयोग का विकास, शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, संस्कृति, पर्यटन, खेल, स्वास्थ्य देखभाल और अन्य क्षेत्रों में बातचीत।
7. राष्ट्रीय मुद्राओं का उपयोग करके द्विपक्षीय निपटान प्रणाली का विकास, परमाणु ऊर्जा, तेल शोधन और पेट्रोकेमिकल ओर विस्तारित रूपों सहित प्रमुख ऊर्जा क्षेत्रों में सहयोग का विकास।
8. पारस्परिक और अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा सुरक्षा की सुविधा, यानी वैश्विक ऊर्जा संक्रमण की संभावनाओं को ध्यान में रखना।
9. दवाओं और उन्नत चिकित्सा उपकरणों के विकास और आपूर्ति में व्यवस्थित सहयोग को बढ़ावा देना। रूस में भारतीय चिकित्सा संस्थानों की शाखाएँ खोलने और योग्य चिकित्सा कर्मियों की भर्ती करने की संभावना का अध्ययन करना तथा चिकित्सा और जैविक सुरक्षा के क्षेत्र में समन्वय को मजबूत करना।

## Newspaper of 12 July, 2024

- **केन्द्र सरकार के वित्त मंत्रालय ने कर्मचारी भविष्य निधि पर ब्याज में बढ़ोतरी को मंजूर करते हुए वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 8.25% की दर से ब्याज देने का ऐलान किया है।**
- **पूर्व अग्निवीरों को केन्द्रीय बलों की भर्ती में 10 प्रतिशत आरक्षण लागू;**

केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने अग्निपथ योजना के तहत भर्ती अग्निवीरों को सेना में चार साल की सेवा के बाद केन्द्रीय अर्धसैनिक बलों में कांस्टेबल पद पर भर्ती में 10 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की घोषणा की है। पूर्व अग्निवीरों को आयु सीमा में छूट मिलेगी। वहीं उन्हें फिजिकल टेस्ट भी नहीं देना होगा। केन्द्र सरकार ने 2022 में ही यह आरक्षण देने की सैद्धांतिक सहमति दे दी थी। अब होने वाली अर्धसैनिक बलों की भर्ती में इसे लागू किया जाएगा। पूर्व अग्निवीरों को सभी अर्धसैनिक बलों में 10 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। अर्धसैनिक बलों में बीएसएफ, सीआरपीएफ, आइटीबीपी, सशस्त्र सीमा बल और असम राइफल शामिल है। पूर्व अग्निवीरों को आयु सीमा में पहले साल पाँच साल की तथा बाद में तीन साल की छूट मिलेगी।

## Newspaper of 14 July, 2024

- **हरियाणा में देश के पहले एयर स्पोर्ट्स की शुरुआत हुई; केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री ने 13 हजार फीट से छलांग लगाई–**

13 जुलाई, 2024 को केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यावरण मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने विश्व स्काई डाइविंग दिवस पर हरियाणा के नारनौल से देश के पहले एयर स्पोर्ट्स की शुरुआत की, इस दौरान उन्होंने स्वयं टैन्डम स्काईडाइविंग भी की।

- **टेनिस खिलाड़ी बारबरा क्राजिकोवा विम्बलडन में महिला सिंगल्स की नई चैम्पियन बनीं–**

हाल ही में चेक रिपब्लिक की टेनिस खिलाड़ी बारबरा क्राजिकोवा विम्बलडन में महिला सिंगल्स की नई चैम्पियन बन गईं। 28 साल की क्राजिकोवा ने फाइनल में इटली की जैसमिन पाओलिनी को 6-2, 2-6, 6-4 से हराकर खिताब जीता।

31वीं सीड क्राजिकोवा ने पहली बार यह खिताब अपने नाम किया। उन्होंने 28 साल की पाओलिनी को एक घंटे 56 मिनट में मात दी। दोनों ही खिलाड़ी पहली बार इस ग्रास कोर्ट ग्रैंड स्लैम का फाइनल खेल रही थीं। यह क्राजिकोवा का सिंगल्स में दूसरा ग्रैंड स्लैम टाइटल है। उन्होंने साल 2021 में फ्रेंच ओपन भी जीता था।

## Newspaper of 15 July, 2024

- **स्पेन के टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने लगातार दूसरी बार विम्बलडन टेनिस ग्रैंड स्लेम का खिताब जीता–**

14 जुलाई, 2024 को स्पेन के टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्कारेज ने लगातार दूसरी बार विम्बलडन टेनिस ग्रैंड स्लेम का खिताब जीता। उन्होंने फाइनल में नोवाक जोकोविच को 6-2, 6-2, 7-6 से हराया। यह अल्कारेज का चौथा ग्रैंड स्लेम क्राउन है।

- **वर्ष 2025 में पहले ई-स्पोर्ट्स ओलंपिक गेम्स की मेजबानी सऊदी अरब करेगा–**

सऊदी अरब वर्ष 2025 में होने वाले पहले ई-स्पोर्ट्स ओलंपिक गेम्स की मेजबानी करेगा। अन्तर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने अगले 12 साल का ई-स्पोर्ट्स ओलंपिक गेम्स की मेजबानी को लेकर सऊदी अरब से समझौता किया है। अन्तर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (IOC) के अनुसार ओलंपिक ई-स्पोर्ट्स गेम्स नियमित रूप से आयोजित करने का करार किया गया है।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

## Newspaper of 16 July, 2024

**■ स्पेन चार बार यूरो कप जीतने वाला पहला देश बना–**

हाल ही में स्पेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चौथी बार यूरो कप अपने नाम किया है। बर्लिन में हुए फाइनल मुकाबले में स्पेन ने इंग्लैण्ड को 2-1 से हराया।

उल्लेखनीय है कि स्पेन के बाद जर्मनी ऐसा देश है, जो तीन बार यह खिताब जीत चुका है।

## Newspaper of 17 July, 2024

**■ अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने विकास दर का अनुमान बढ़ाया–**

हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक में वित्त वर्ष 2024-25 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान 0.20% बढ़ाकर 7% कर दिया है। पहले इसने 6.8% विकास दर का अनुमान लगाया था। इंटरनेशनल एजेंसी ने हालांकि 2025-26 के लिए भारत की विकास दर का अनुमान 6.5% पर यथावत रखा है। रिजर्व बैंक ने 7 जून की मौद्रिक नीति की समीक्षा में देश की विकास दर का अनुमान 7% से बढ़ाकर 7.2% कर दिया था। उल्लेखनीय है कि पिछले तीन साल से देश की विकास दर 7% से ऊपर रही है। वित्त वर्ष 2023-24 में घरेलू अर्थव्यवस्था 8.2% की रफ्तार से बढ़ी थी।

**■ इटली की यूनिवर्सिटी ऑफ ट्रेंटो के वैज्ञानिकों ने चांद पर 328 फीट गहरी गुफा की खोज की; एस्ट्रोनॉट्स ठहर सकेंगे–**

इटली की यूनिवर्सिटी ऑफ ट्रेंटो के वैज्ञानिकों ने चांद पर एक गुफा की खोज की है। यह उस स्थान से कुछ दूर है, जहाँ 55 साल पहले नील आर्मस्ट्रांग और बज एल्ड्रिन उतरे थे। वैज्ञानिकों का कहना है चांद पर ऐसी सैकड़ों गुफाएँ हो सकती है। इन गुफाओं का तापमान चांद की सतह से थोड़ा अलग है, इसलिए भविष्य में अंतरिक्ष यात्रियों के ठहरने का ठिकाना हो सकती है। इटली की यूनिवर्सिटी ऑफ ट्रेंटो के शोधकर्ता लियोनॉर्डो करेर की अगुवाई में वैज्ञानिकों ने नासा के लूनर रिकॉनिसेंस ऑर्बिटर से ली गई तस्वीरों व डेटा का अध्ययन किया। नेचर एस्ट्रोनॉमी जर्नल में छपे शोध में बताया कि गुफा अपोलो 11 के लैंडिंग स्थल से 400 किलोमीटर दूर सी ऑफ ट्रेक्विलिटी में है। चांद पर इससे पहले खोजे गए 200 से ज्यादा गड्ढों (लूनर पिट्स) की तरह यह गुफा भी लावा ट्यूब ढहने से बनी। इन गुफाओं को मेयर ट्रेक्विलिटिस कहा जाता है।

गुफा चांद की सतह से 150 मीटर नीचे है। इसका क्षेत्रफल 14 टेनिस कोर्ट के बराबर है। यह 45 मीटर चौड़ी, 80 मीटर लंबी और 328 फीट गहरी है। वैज्ञानिक इसे चांद पर खोजा गया सबसे गहरा गड्ढा बता रहे हैं। गुफा का तापमान करीब 17 डिग्री सेल्सियस है। इस तापमान में इंसान आराम से रह सकता है। चांद की सतह पर रात का तापमान बेहद कम और दिन का इतना ज्यादा हो सकता है कि पानी उबल जाए।

## Newspaper of 18 July, 2024

**■ महाराष्ट्र में 'लाडका भाऊ' योजना शुरू हुई; 6 से 10 हजार रुपए तक स्टाइपंड मिलेगा–**

17 जुलाई, 2024 को महाराष्ट्र सरकार ने लाडली बहिन योजना के बाद 'लाडका भाऊ योजना' शुरू की है। इस योजना के तहत 12वीं पास छात्रों को 6,000 रुपए प्रति माह, डिप्लोमा धारक छात्रों को 8,000 रुपए प्रति माह और ग्रेजुएट युवाओं को 10,000 रुपए प्रति माह का स्टाइपंड मिलेगा। लाडली बहिन योजना के तहत राज्य में महिलाओं को प्रति वर्ष 18,000 रुपए दिए जाएंगे। अब युवाओं के लिए 'लाडका भाऊ योजना' पेश की है।

**बेरोजगारी होगी खत्म**

नई योजना के बारे में 17 जुलाई, 2024 को सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा, इसमें युवा एक साल के लिए किसी कंपनी में अप्रेंटिसशिप करेंगे, जहाँ उन्हें काम का अनुभव मिलेगा और अनुभव के आधार पर नौकरी मिलेगी। एक तरह से हम कुशल श्रमिक तैयार कर रहे हैं। यानी प्रदेश के साथ ही देश के उद्योगों को कुशल युवा उपलब्ध कराने के लिए सरकार भुगतान करेगी। उन्होंने दावा किया कि बेरोजगारी की समस्या का समाधान के लिए पहली बार कोई सरकार ऐसी योजना लेकर आई है।

**■ हरियाणा में सरकारी नौकरियों में अग्निवीरों के लिए 10 फीसदी आरक्षण का प्रावधान–**

17 जुलाई, 2024 को हरियाणा के मुख्यमंत्री ने घोषणा की अग्निवीरों को प्रदेश सरकार द्वारा भर्ती किए जाने वाले कांस्टेबल माइनिंग गार्ड, फॉरेस्ट गार्ड, जेल वार्डन व स्पेशल पुलिस अधिकारी के पदों पर भर्ती में 10 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। ग्रुप-सी में सिविल पदों पर सीधी भर्ती में अग्निवीरों को 5% व ग्रुप-बी में 1% हॉरिजोंटल आरक्षण मिलेगा। वहीं निर्धारित आयु में भी 3 वर्ष की छूट दी जाएगी।

- अग्निवीर को प्रतिमाह 30 हजार से अधिक वेतन देने वाली औद्योगिक इकाई को सरकार 60 हजार रुपए वार्षिक सब्सिडी देगी।
- कोई अग्निवीर अपना उद्योग स्थापित करता है तो सरकार उसे पाँच लाख रुपए तक के ऋण पर ब्याज सहायता देगी।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- अग्निवीरों को प्राथमिकता के आधार पर बंदूक का लाइसेंस दिया जाएगा। सरकारी विभागों/बोर्डों/निगमों में अग्निवीरों को प्राथमिकता दी जाएगी।

■ **भारतीय पुरुष स्क्वैश खिलाड़ी शौर्य बावा वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय बने–**

16 जुलाई, 2024 को सेमीफाइनल में हारकर भारतीय पुरुष स्क्वैश खिलाड़ी शौर्य बावा वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता रहे। सेमीफाइनल में मिस्र के मोहम्मद जकारिया ने एकल मुकाबले में शौर्य को 11-5, 11-5, 11-9 से हराया। शौर्य बावा विश्व जूनियर सेमीफाइनल में पहुँचने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी है। उनसे पहले भारत के कुश कुमार ने 2014 में यह उपलब्धि हासिल की थी।

## Newspaper of 19 July, 2024

■ **भारत की डॉ. श्रुति हेगड़े ने मिस यूनिवर्सल पेटिट का खिताब जीता–**

हाल ही में कर्नाटक के धाखाड़ जिले हुस्बल्ली नगर की डॉ. श्रुति हेगड़े ने मिस यूनिवर्सल पेटिट का खिताब जीता है। अमेरिका के फ्लोरिडा में प्रतिवर्ष होने वाली इस प्रतियोगिता में छोटे कद की महिलाओं को मौका दिया जाता है।

उल्लेखनीय है कि डॉ. श्रुति हेगड़े एक अस्पताल में डॉक्टर है और यह खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला है।

## Newspaper of 20 July, 2024

■ **कोटा में ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट को लेकर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, नगरीय विकास विभाग व नागरिक उड्डयन विभाग के मध्य त्रिपक्षीय एमओयू हुआ; 1000 करोड़ रुपए में बनेगा–**

19 जुलाई, 2024 को कोटा में बनने वाले ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट को लेकर भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, नगरीय विकास विभाग व नागरिक उड्डयन विभाग के मध्य त्रिपक्षीय एमओयू हो गया। एयरपोर्ट को बनाने में करीब 1000 करोड़ रुपए की लागत आएगी। छह माह बाद निर्माण शुरू होगा। करीब दो से ढाई साल में यह बनकर तैयार हो जाएगा।

## Newspaper of 21 July, 2024

■ **संघ लोक सेवा आयोग (UPSC) के चेयरमैन मनोज सोनी ने इस्तीफा दिया–**

20 जुलाई, 2024 को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) अध्यक्ष डॉ. मनोज सोनी ने 'निजी कारणों' का हवाला देते हुए इस्तीफा दे दिया है। अध्यक्ष के तौर पर उनका कार्यकाल मई 2029 में पूरा होना था। इस्तीफा 15 दिन पहले हुआ, लेकिन अभी स्वीकार नहीं हुआ है।

मनोज सोनी 28 जून, 2017 को आयोग के सदस्य बने। 16 मई, 2023 को अध्यक्ष पद की शपथ ली। कार्यकाल 15 मई, 2029 तक था। वे 1 अगस्त, 2009 से 31 जुलाई, 2015 तक दो बार डॉ. बी.आर. आंबेडकर मुक्त विवि, गुजरात के कुलपति रहे। अप्रैल, 2005 से अप्रैल, 2008 तक बड़ौदा वि.वि. के कुलपति बने तो देश में सबसे कम उम्र के कुलपति थे।

■ **हाल ही में स्पेन के मनोलो मार्केज (55) को भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। बर्सिलोना से आने वाले मार्केज बर्खास्त कोच इगोर स्टिमक की जगह लेंगे।**

## Newspaper of 22 July, 2024

■ **अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड में चार स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर भारत ने रचा इतिहास पहली बार मिली चौथी रैंकिंग–**

हाल ही में इंग्लैण्ड के बाथ में अंतर्राष्ट्रीय गणित ओलंपियाड (आइएमओ) में भारत ने चार स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर इतिहास रच दिया। भारत ने 167 अंकों के साथ चौथी रैंक हासिल की। इससे पहले 1998 और 2001 में भारत ने सातवीं रैंक हासिल की थी। अमरीका ने पहला, चीन ने दूसरा और दक्षिण कोरिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में 108 देशों के 609 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

इंटरनेशनल मेथ्स ओलंपियाड (आइएमओ) हाई स्कूल के विद्यार्थियों की विश्व गणित प्रतियोगिता है, जो हर साल अलग देश में आयोजित की जाती है। पहला आइएमओ 1959 में रोमानिया में हुआ था। इसमें सात देशों ने भाग लिया था।

**निम्न विजेता रहे–**आदित्य मंगुडी (ग्रेड 11), आनंद भादुड़ी (ग्रेड 12), कनव तलवार (ग्रेड 10) और रुशिल माथुर (ग्रेड 12) ने गोल्ड मेडल जीता। अर्जुन गुप्ता (ग्रेड 12) ने सिल्वर जीता, जबकि सिद्धार्थ चोपड़ा (ग्रेड 12) ने भी सम्मानजनक स्थान पाया। टीम का नेतृत्व कृष्णन शिवसुब्रमण्यम ने किया।

## Newspaper of 23 July, 2024

■ **भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एयर ब्रीदिंग प्रणोदन प्रणाली का सफल परीक्षण किया; रॉकेट वायुमण्डल से स्वत: ऑक्सीजन ले सकेगा–**

हाल ही में भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने एयर ब्रीदिंग प्रणोदन प्रणाली का सफल परीक्षण किया है। इस प्रणाली को लागू किए जाने के बाद श्वसन प्रक्रिया की तरह रॉकेट भी वायुमण्डल से स्वत: ऑक्सीजन प्राप्त कर सकेंगे। इससे प्रक्षेपण यानों के ईंजन में दहन पैदा करने के लिए तरल ऑक्सीजन भेजने की जरूरत नहीं रह जाएगी। इससे प्रक्षेपण यानों का वजन काफी कम हो जाएगा साथ ही लागत भी घटेगी। 22 जुलाई, 2024 को श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से रोहिणी साउंडिंग रॉकेट (आरएच-560) का प्रक्षेपण कर दूसरी बार एयर ब्रीदिंग प्रणाली का परीक्षण किया गया जो सफल रहा। यह उसी तरह है जैसे उपग्रह सौर ऊर्जा का उपयोग करते हैं।

**50 किमी की ऊँचाई तक ऑक्सीजन**

विशेषज्ञों के अनुसार रॉकेट इंजन में प्रणोदक (ईंधन) के साथ दहन पैदा करने के लिए ऑक्सीडाइजर के तौर पर तरल ऑक्सीजन भरा जाता है। एयर ब्रीदिंग प्रणाली से ईंधन में दहन पैदा करने के लिए प्रक्षेपण यान स्वत: वायुमण्डल से ऑक्सीजन लेता है। धरती से लगभग 50 किलोमीटर की ऊँचाई तक ऑक्सीजन की उपलब्धता है जिसका प्रक्षेपण यान उपयोग कर सकेंगे।

**Newspaper of 24 July, 2024**

■ **केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए लोकसभा में पूर्ण बजट प्रस्तुत किया–**

23 जुलाई, 2024 को केन्द्रीय वित मंत्री निर्मला सीतारमण ने रिकॉर्ड 7वीं बार लोकसभा में वित्तवर्ष 2024-25 के लिए पूर्ण बजट प्रस्तुत किया, इससे पहले अंतरिम बजट 1 फरवरी, 2024 को प्रस्तुत किया गया था। बजट की प्रमुख घोषणाएँ निम्न रहीं–

**जीडीपी विकास दर**–बजट वित्त वर्ष 2024-25 (नियमित) के लिए जीडीपी 3,26,36912 करोड़ रुपए अनुमानित है, जो वित्त वर्ष 2023-24 के अनंतिम अनुमान 2,95,35,667 करोड़ रुपए से 10.5% अधिक है।

**व्यय**–बजट अनुमान (बीई) 2024-25 में कुल व्यय 48,20,512 करोड़ रुपये अनुमानित है, जिसमें कुल पूंजीगत व्यय 11,11,111 करोड़ रुपये है।

- संशोधित अनुमान 2023-24 की तुलना में बजट अनुमान 2024-25 में पूंजीगत व्यय में **16.9 प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित होती है।**
- प्रभावी पूंजीगत व्यय 2024-25 के बजट अनुमान में 15,01,889 करोड़ रुपए होगा, जो संशोधित अनुमान 2023-24 की तुलना में 18.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

**प्राप्तियाँ**–

- वित्त वर्ष 2025 में कुल प्राप्तियाँ 32.07 लाख करोड़ रुपये रहने का अनुमान है–
- शुद्ध कर प्राप्तियाँ 25.83 लाख करोड़ रुपये अनुमानित है।
- सकल बाजार उधारी 14.01 लाख करोड़ रुपये अनुमानित हैं।
- शुद्ध बाजार उधारी 11.63 लाख करोड़ रुपये अनुमानित हैं।

**ब्याज भुगतान**–ब्याज भुगतान 11 लाख करोड़ रुपये अनुमानित हैं।

**घाटा**–राजकोषीय घाटे के लिए बजट अनुमान 4.9% राजस्व घाटा 1.8% और प्राथमिक घाटा 1.4% है।

**नई योजनाएँ**–नई योजनाओं के लिए आर्थिक मामलों के विभाग को 2 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं।

**बजट का सार (Budget at a Glance)**

(₹ करोड़ में) (in ₹ Crore)

| | 2022-23 वास्तविक | 2023-24 बजट अनुमान | 2023-24 संशोधित अनुमान | 2023-24 संशोधित अनुमान[1] | 2024-25 बजट अनुमान |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. राजस्व प्राप्तियाँ (Revenue Receipts) | 2383206 | 2632281 | 2699713 | 2728412 | 3129200 |
| 2. कर राजस्व (केन्द्र को निवल)[2] [Tax Revenue (Net to Centre)[2]] | 2097786 | 2330631 | 2323918 | 2326524 | 2583499 |
| 3. कर भिन्न राजस्व (Non Tax Revenue) | 285421 | 301650 | 375795 | 401888 | 545701 |
| 4. पूंजी प्राप्तियाँ (Capital Receipts) | 1809951 | 1870816 | 1790773 | 1714130 | 1691312 |
| 5. ऋणों की वसूली (Recovery of Loans) | 26161 | 23000 | 26000 | 27338 | 28000 |
| 6. अन्य प्राप्तियाँ (Other Receipts) | 46035 | 61000 | 30000 | 33122 | 50000 |

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

| | 2022-23 वास्तविक | 2023-24 बजट अनुमान | 2023-24 संशोधित अनुमान | 2023-24 संशोधित अनुमान[1] | 2024-25 बजट अनुमान |
|---|---|---|---|---|---|
| 7. उधार और अन्य देयताएँ[3] (Borrowings and Other Liabilities)[3] | 1737755 | 1786816 | 1734773 | 1653670 | 1613312 |
| 8. कुल प्राप्तियाँ (1 + 4) [Total Receipts (1 + 4)] | 4193157 | 4503097 | 4490486 | 4442542 | 4820512 |
| 9. कुल व्यय (10 + 13) [Total Expenditure (10 + 13)] | 4193157 | 4503097 | 4490486 | 4442542 | 4820512 |
| 10. राजस्व खाते पर जिसमें से [On Revenue Account of which] | 3453132 | 3502136 | 3540239 | 3494036 | 3709401 |
| 11. ब्याज भुगतान [Interest Payments] | 928517 | 1079971 | 1055427 | 1063871 | 1162940 |
| 12. पूंजीगत आस्तियों के सृजन हेतु सहायता अनुदान [Grants in Aid for creation of Capital Assets] | 306264 | 369988 | 321190 | 303787 | 390778 |
| 13. पूंजी खाते पर [On Capital Account] | 740025 | 1000961 | 950246 | 948506 | 1111111 |
| 14. प्रभावी पूंजी व्यय (12 + 13) [Effective Capital Expenditure (12 + 13)] | 1046289 | 1370949 | 1271436 | 1252293 | 1501889 |
| 15. राजस्व घाटा (10 – 1) [Revenue Deficit (10 – 1)] | 1069926 (4.0) | 869855 (2.9) | 840527 (2.8) | 765624 (2.6) | 580201 (1.8) |
| 16. प्रभावी राजस्व घाटा (15 – 12) [Effective Revenue Deficit (15 – 12)] | 763662 (2.8) | 499867 (1.7) | 519337 (1.8) | 461837 (1.6) | 189423 (0.6) |
| 17. राजकोषीय घाटा [9 – (1 + 5 + 6)] [Fiscal Deficit {9 – (1 + 5 + 6)}] | 1737755 (6.4) | 1786816 (5.9) | 1734773 (5.8) | 1653670 (5.6) | 1613312 (4.9) |
| 18. प्राथमिक घाटा (17 – 11) [Primary Deficit (17 – 11)] | 809238 (3.0) | 706845 (2.3) | 679346 (2.3) | 589799 (2.0) | 450372 (1.4) |

[1]वित्त वर्ष 2023-24 के लिए अंनतिम वास्तविक आंकड़े लेखा-परीक्षित नहीं है और परिवर्तनों के अध्यधीन है।
[2]केन्द्र द्वारा राज्यों को पिछले वर्षों के लिए देय निवल राशि होने के कारण सं.अं. 2023-24 में ₹7151 करोड़ की कमी की गई है।
[3]इसमें नगदी शेष में आहरण द्वारा कमी शामिल है।

**टिप्पणी :** (i) बजट वित्त वर्ष 2024-25 (नियमित) के लिए जीडीपी ₹ 3,26,36,912 करोड़ आकलित की गई है जो वित्त वर्ष 2023-24 के ₹ 2,95,35,667 करोड़ के अनंतिम अनुमान से 10.5% अधिक है।
(ii) इस दस्तावेज में पृथक-पृथक मदें पूर्णांकन के कारण जोड़ में शामिल नहीं हो सकते।
(iii) कोष्ठक में दिये गये आंकड़े जीडीपी के प्रतिशत के रूप में है।

बजट प्राथमिकताओं के बारे में वित्त मंत्री ने कहा कि अंतरिम बजट में निर्धारित रणनीति के अनुरूप, इस बजट में सभी के लिए पर्याप्त अवसर पैदा करने के लिए निम्नलिखित नौ प्राथमिकताओं पर निरंतर प्रयास की परिकल्पना की गई है :

**(1) कृषि में उत्पादकता और अनुकूलनीयता**—वर्ष 2024-25 में कृषि और संबद्ध क्षेत्र के लिए 1.52 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान।

- **कृषि अनुसंधान में परिवर्तन :** उत्पादकता बढ़ाने और जलवायु अनुकूल किस्मों के विकास पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए कृषि अनुसंधान व्यवस्था की व्यापक समीक्षा की जाएगी।
- **राष्ट्रीय सहकारिता नीति :** सहकारी क्षेत्र के व्यवस्थित, सुव्यवस्थित एवं सर्वांगीण विकास के लिए राष्ट्रीय सहकारिता नीति लाई जाएगी।
- **सब्जी उत्पादन एवं आपूर्ति शृंखला :** संग्रहण, भंडारण और विपणन के लिए सब्जी आपूर्ति शृंखलाओं हेतु एफपीओ, सहकारी समितियों और स्टार्ट-अप्स को बढ़ावा दिया जाएगा।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- **नई किस्मों का विमोचन :** 32 खेत और बागवानी फसलों की 109 नई उच्च उपज वाली और जलवायु अनुकूल किस्में किसानों द्वारा खेती के लिए जारी की जाएंगी।
- **प्राकृतिक खेती :** अगले वर्षों में देश भर में 1 करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती के लिए सहायता दी जाएगी, तथा उन्हें प्रमाणीकरण और ब्रांडिंग भी दी जाएगी। 10,000 आवश्यकता-आधारित जैव-इनपुट संसाधन केन्द्र स्थापित किये जायेंगे।
- **आत्मनिर्भरता :** सरसों, मूंगफली, तिल, सोयाबीन और सूरजमुखी जैसे तिलहनों के लिए आत्मनिर्भरता हेतु एक कार्यनीति बनाया जाना प्रस्तावित है।
- झींगा श्वेती, प्रसंस्करण और निर्यात के लिए नाबार्ड के माध्यम से वित्त पोषण की सुविधा उपलब्ध करवायी जाएगी।

**(2) रोजगार और कौशल प्रशिक्षण** रोजगार के संबंध में केन्द्र सरकार प्रधानमंत्री पैकेज के भाग के रूप में 'रोजगार संबद्ध प्रोत्साहन' के लिए निम्नलिखित 3 योजनाओं को लागू करेगी–

- **योजना ए-पहली बार नौकरी करने वाले :** ईपीएफओ में पंजीकृत पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को 15000 रुपये तक का एक माह का वेतन 3 किस्तों में प्रदान किया जाएगा। इस योजना के अन्तर्गत पात्रता सीमा 1 लाख रुपए तक का मासिक वेतन पाने वाले होगा।
- **योजना बी-विनिर्माण क्षेत्र में रोजगार सृजन :** रोजगार के प्रथम 4 वर्षों में कर्मचारी और नियोक्ता दोनों को उनके ईपीएफओ अंशदान के संबंध में निर्दिष्ट स्तर पर सीधे प्रोत्साहन प्रदान किया जाएगा।
- **योजना सी–नियोक्ताओं को सहायता :** सरकार प्रत्येक अतिरिक्त कर्मचारी के लिए नियोक्ताओं के ईपीएफओ अंशदान के लिए 2 वर्षों तक 3,000 रुपये प्रति माह तक की प्रतिपूर्ति करेगी।
- **कौशल विकास के लिए नई केन्द्र प्रायोजित योजना** पाँच वर्ष की अवधि में 20 लाख युवाओं को कुशल बनाया जाएगा। 1000 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को हब और स्पोक व्यवस्था में उन्नत किया जाएगा। पाठ्यक्रम सामग्री और डिजाइन उद्योग की कौशल आवश्यकताओं के अनुसार संरेखित होंगे।
- 5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को 500 शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप की नई योजना प्रस्तावित है।

सरकार द्वारा प्रवर्तित कोष से गारंटी के साथ 7.5 लाख रुपये तक का ऋण दिया जाएगा जिससे हर वर्ष 25,000 छात्रों को मदद मिलेगी।

घरेलू संस्थानों में उच्च शिक्षा के लिए 10 लाख रुपये तक के ऋण के लिए वित्तीय सहायता और हर साल 1 लाख छात्रों को प्रत्यक्ष ई-वाउचर, 3 प्रतिशत की वार्षिक ब्याज छूट के साथ दिए जाएंगे।

**(3) समावेशी मानव संसाधन विकास और सामाजिक न्याय**

- विकसित भारत के लक्ष्य को प्रापत करने के लिए आर्थिक अवसरों के सृजन हेतु बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा और आंध्रप्रदेश जैसे पूर्वी भागों के संपन्न राज्यों के लिए योजना तैयार की जाएगी। अमृतसर-कोलकाता औद्योगिक कॉरिडोर, गया में एक औद्योगिक केन्द्र का विकास।
- **प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान :** 63000 गाँवों को कवर करते हुए जनजातीय समुदायों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाना, जिससे 5 करोड़ जनजातीय लोगों को लाभ मिलेगा।
- महिलाओं और बालिकाओं को लाभ पहुँचाने वाली योजनाओं के लिए 3 लाख करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन।
- पूर्वोत्तर क्षेत्र में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक की 100 से अधिक शाखाएँ स्थापित की जाएगी।
- **आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम–**
  वित्त वर्ष 2024-25 में ₹ 15000 करोड़ की वित्तीय सहायता की व्यवस्था की जाएगी।
  पोलावरम सिंचाई परियोजना का वित्तपोषण करके इसे जल्द पूरा किया जाएगा।

विशाखापत्तनम-चेन्नई औद्योगिक गलियारे पर कोप्पार्थी नोड और हैदराबाद औद्योगिक गलियारे पर ओर्वाकल क्षेत्र में पानी, बिजली, रेलवे और सड़क जैसी आवश्यक बुनियादी अवसंरचनाओं के लिए निधियाँ उपलब्ध करवायी जाएगी।

**(4) विनिर्माण और सेवाएँ–**

- विनिर्माण क्षेत्र में एमएसएमई के लिए ऋण गारंटी योजना प्रारंभ की जाएगी।
- ट्रेड्स में अनिवार्य ऑनबोर्डिंग का दायरा बढ़ाया गया।
- एमएसएमई ऋण के लिए नया आकलन मॉडल विकसित किया जाएगा।
- **मुद्रा ऋण:** 'तरुण' श्रेणी के अंतर्गत मुद्रा ऋण सीमा को वर्तमान ₹ 10 लाख से बढ़ाकर ₹ 20 लाख कर दिया गया।
- खाद्य विकिरण, गुणवत्ता और सुरक्षा परीक्षण के लिए एमएसएमई इकाइयाँ स्थापित करने के लिए वित्तीय सहायता को मंजूरी दी जाएगी।
- वीजीएफ सहायता और एंकर उद्योगों की प्रतिबद्धता के साथ पीपीपी मोड में औद्योगिक श्रमिकों के लिए डारेमेट्री प्रकार के आवास वाले किराये के मकानों की सुविधा प्रदान की जाएगी।
- घरेलू उत्पादन रिसाइक्लिग और विदेशी अधिग्रहण के लिए महत्त्वपूर्ण खनिज मिशन स्थापित करेंगे।
- दिवाला समाधान में तेजी लाने के लिए आईबीसी में उपयुक्त बदलाव, अधिकरणों और अपीलीय अधिकरणों में सुधार किए जाएँगे और उनका सुदृढ़ीकरण किया

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

जाएगा। अतिरिक्त अधिकरणों की स्थापना की जाएगी। उनमें से कुछ अधिकरणों को कंपनी अधिनियम के अंतर्गत विशेष रूप से मामलों का निर्णय करने के लिए अधिसूचित किया जाएगा।

- **इंटर्नशिप के अवसर**–5 वर्षों में 1 करोड़ युवाओं को 500 शीर्ष कंपनियों में इंटर्नशिप के अवसर प्रदान करने की योजना शुरु की जाएगी।
  सीएसआर फंड के माध्यम ₹ 5,000 प्रति माह का भत्ता और ₹ 6,000 की एकमुश्त सहायता दी जाएगी।

**(5) शहरी विकास**

- **स्टाम्प ड्युटी :** महिलाओं द्वारा खरीदी गई संपतियों पर स्टाम्प ड्यूटी कम करने के लिए राज्यों को प्रोत्साहित करना।
- **स्ट्रीट मार्केट :** प्रत्येक वर्ष चुनिंदा शहरों में 100 साप्ताहिक 'हाट' या स्ट्रीट फूड हब विकसित करने की योजना की परिकल्पना की गई है।
- **आवागमन विकास :** 30 लाख से अधिक आबादी वाले 14 बड़े शहरों के लिए आवागमन उन्मुखी विकास योजनाएँ तैयार की जाएंगी।
- **जल प्रबंधन :** बैंक साझेदारी परियोजनाओं के माध्यम से 100 बड़े शहरों के लिए जल आपूर्ति, सीवेज उपचार और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन परियोजनाओं और सेवाओं को बढ़ावा देंगे।
- **पीएम आवास योजना शहरी 2.0 :** में ₹ 10 लाख करोड़ रुपए के निवेश से 1 करोड़ शहरी गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की आवास की जरूरतें पूरी की जाएंगी।

**(6) ऊर्जा सुरक्षा**–छोटे तथा मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टरों का अनुसंधान और विकास जिसके अन्तर्गत भारत स्मॉल रिएक्टरों की स्थापना।

- भारत स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर का अनुसंधान एवं विकास
- परमाणु ऊर्जा के लिए नई प्रौद्योगिकियों के अनुसंधान और विकास के लिए निजी क्षेत्र के साथ साझेदारी।
- **पम्प स्टोरेज नीति :** विद्युत भंडारण तथा समग्र ऊर्जा मिश्रण में इसकी परिवर्तनशील और विरामी प्रकृति के साथ नवीकरणीय ऊर्जा के बढ़ते हिस्से के निर्बाध एकीकरण को सुविधाजनक बनाने के लिए पम्प्ड स्टोरेज परियोजनाओं को बढ़ावा देने की एक नीति लाई जाएगी।
- **अल्ट्रासुपर क्रिटिकल (एयूएससी) थर्मल पावर प्लांट:** एनटीपीसी और बीएचईएल का एक संयुक्त उद्यम एयूएससी द्वारा 800 मेगावाट का पूर्ण वाणिज्य संयंत्र स्थापित किया जाएगा।
- पारंपरिक सूक्ष्म एवं लघु उद्योगों को वित्तीय सहायता उपलब्ध करवायी जाएगी।
- तांबा और सेरेमिक क्लस्टर की 60 क्लस्टरों में निवेश ग्रेड ऊर्जा लेखा परीक्षा की सुविधा प्रदान की जाएगी, अगले चरण में 100 क्लस्टरों तक विस्तार किया जाएगा।
- तांबा और सेरमिक क्लस्टर की 60 क्लस्टरों में निवेश ग्रेड ऊर्जा लेखा परीक्षा की सुविधा प्रदान की जाएगी, अगले चरण में 100 क्लस्टरों तक विस्तार किया जाएगा।
- **पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना :** 1 करोड़ परिवारों को हर महीने 300 यूनिट तक मुफ्त बिजली प्राप्त करने में सक्षम बनाने हेतु रूफटॉप लगाए जाऐंगे।

**(7) आधारभूत संरचना :**

- बुनियादी ढांचे क लिए ₹ 11,11,111 करोड़ का प्रावधान (जीडीपी का 3.4%)
- संसाधन आवंटन को समर्थन देने के लिए राज्यों को दीर्घकालिक ब्याज मुक्त ऋण के रूप में 1.5 लाख करोड़ रुपये दिए जाएंगे।
- 25,000 ग्रामीण बसावटों के लिए बारहमासी सड़क सम्पर्कता उपलब्ध कराने के लिए पीएमजीएसवाई का चरण IV शुरू किया जाएगा।

**सिंचाई और बाढ़ शमन :**

- कोसी–मेची अंतर–राज्यीय लिंक और 20 अन्य चालू एवं नई योजनाओं जैसी 11,500 करोड़ की अनुमानित लागत वाली परियोजनाओं के लिए वित्तीय सहायता दी जाएगी।
- असम, सिक्किम और उत्तराखंड में बाढ़ प्रबंधन और संबंधित परियोजनाओं के लिए सहायता दी जाएगी।
- हिमाचल प्रदेश में बाढ़ से हुए नुकसान में सहायता देकर पुनर्निर्माण और पुनर्वास के लिए सहायता की जाएगी।

**पर्यटन–**

- काशी विश्वनाथ मंदिर कॉरिडोर की तर्ज पर बिहार में गया स्थित विष्णुपद मंदिर कॉरिडोर और महाबोधि मंदिर कॉरिडोर का विकास के लिए सहायता दी जाएगी।
- राजगीर के लिए व्यापक विकास पहल की जाएगी जो हिंदुओं, बौद्धो और जैनियों के लिए धार्मिक महत्त्व रखता है।
- नालंदा विश्वविद्यालय को उसके गौरवशाली स्वरूप में पुनर्जीवित करने के अलावा नालंदा को एक पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करना।
- ओडिशा के प्राकृतिक सौंदर्य, मंदिरों, स्मारकों, शिल्पकला, वन्यजीव अभयारण्यों, प्राकृतिक परिदृश्यों और प्राचीन समुद्र तटों के विकास में सहायता प्रदान करना, जिससे यह एक परम पर्यटन स्थल बन सके।

**(8) नवाचार, अनुसंधान एवं विकास**

- मूलभूत अनुसंधान और प्रोटोटाइप विकास के लिए अनुसंधान नेशनल रिसर्च एंड की शुरुआत की जाएगी।

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

- ₹ 1 लाख करोड़ के वित्तपोषण पूल के साथ वाणिज्यिक स्तर पर निजी क्षेत्र द्वारा संचालित अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा दिया जाएगा।
- अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था को 5 गुना बढ़ाने पर निरन्तर जोर देते हुए ₹ 1,000 करोड़ का उद्यम पूंजी कोष स्थापित किया जाएगा।

**(9) अगली पीढ़ी के सुधार**

- **ग्रामीण एवं शहरी भूमि संबंधी कार्य**
  सभी भूमियों के लिए विशिष्ट भूमि पहचान संख्या (यूएलपीआईएन) भू-आधार निर्धारित करना।
  शहरी क्षेत्रों में भूमि अभिलेखों को जीआईएस मैपिंग के साथ डिजिटल किया जाएगा।
  वर्तमान स्वामित्व के अनुसार मानचित्र उप-विभागों का सर्वेक्षण।
  भू-रजिस्ट्री की स्थापना, और कृषक रजिस्ट्री से जोड़ना।
- **जलवायु वित्त के लिए वर्गीकरण**–जलवायु अनुकूलन और उपशमन संबंधी निवेश के लिए पूंजी की उपलब्धता बढ़ाना।
- **एफडीआई और विदेशी निवेश**–एफडीआई को सुविधाजनक बनाने और विदेशी निवेश के लिए मुद्रा के रूप में भारतीय रुपए के उपयोग के अवसरों को बढ़ावा देने के लिए इसे सरल बनाया गया है।
- **एनपीएस वात्सल्य :** नाबालिगों के लिए माता-पिता और अभिभावकों द्वारा अंशदान हेतु एक योजना शुरु की जाएगी।
- डाटा संचालन, संग्रहण, प्रसंस्करण में सुधार तथा डाटा और सांख्यिकी के प्रबंधन के लिए डिजिटल भारत मिशन के अन्तर्गत स्थापित डाटाबेस सहित विभिन्न क्षेत्रीय डाटाबेस का प्रयोग प्रौद्योगिकी टूल्स के सक्रिय उपयोग से किया जाएगा।
- **नई पेंशन योजना (एनपीएस) :** इसमें एक ऐसा समाधान निकाला जाएगा जो प्रासंगिक मुद्दों का समाधान करेगा, आम नागरिकों की सुरक्षा करेगा और राजकोषीय विवेक बनाए रखेगा।
- **नई कर व्यवस्था का सरलीकरण :**
  वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए मानक कटौती ₹ 50,000 से बढ़ाकर ₹ 75,000 कर दी गई।
  पेंशनभोगियों के लिए पारिवारिक पेंशन पर कटौती ₹15,000/- से बढ़ाकर ₹ 25,000/- की गई।
  नई कर व्यवस्था में कर दर संरचना को संशोधित करने का प्रस्ताव है, जो इस प्रकार है :

| | |
|---|---|
| 0-3 लाख रुपये | शून्य |
| 3-7 लाख रुपये | 5 प्रतिशत |
| 7-10 लाख रुपये | 10 प्रतिशत |
| 10-12 लाख रुपये | 15 प्रतिशत |
| 12-15 लाख रुपये | 20 प्रतिशत |
| 15 लाख रुपये से अधिक | 30 प्रतिशत |

- **आयकर अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा :**
  वित्त मंत्री ने आयकर अधिनियम 1961 की व्यापक समीक्षा की घोषणा की। इसका लक्ष्य अधिनियम को संक्षिप्त, स्पष्ट और पढ़ने और समझने में आसान बनाना है। इससे विवाद और मुकदमेबाजी में कमी आएगी। जिससे करदाताओं को कर में निश्चितता प्राप्त होगी। इसे छह महीने में पूरा किए जाने का प्रस्ताव है।
  धर्मार्थ संस्थाओं के लिए कर व्यवस्था, टीडीएस दर संरचना, पुनर्मूल्यांकन और खोज के प्रावधानों तथा पूंजीगत लाभ कराधान व्यवस्था को सरल बनाकर वित्त विधेयक में शुरुआत की जा रही है।
- **मुकदमेबाजी और अपील :**
  प्रथम अपीलों के लंबित मामलों को निपटाने के लिए सरकार ने ऐसी अपीलों, विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण कर प्रभाव वाली अपीलों की सुनवाई और निर्णय के लिए अधिक अधिकारियों को तैनात करने की योजना बनाई है।

**मुकदमेबाजी और अपील :**

- प्रथम अपीलों के लंबित मामलों को निपटाने के लिए सरकार ने ऐसी अपीलों, विशेष रूप से महत्त्वपूर्ण कर प्रभाव वाली अपीलों की सुनवाई और निर्णय के लिए अधिक अधिकारियों को तैनात करने की योजना बनाई है।
  सरकार ने अपील के लिए लंबित कुछ आयकर विवादों को सुलझाने के लिए विवाद से विश्वास योजना 2024 का प्रस्ताव रखा है।
- मुकदमेबाजी को कम करने तथा अंतर्राष्ट्रीय कराधान में निश्चितता प्रदान करने के लिए सरकार सुरक्षित बंदरगाह नियमों को व्यापक बनाएगी तथा उनमें सुधार करेगी।
- सिक्यूरिटी ट्रांजेक्शन टैक्स को बढ़ाकर क्रमशः 0.02 प्रतिशत और 0.01 प्रतिशत करने का प्रस्ताव है।
- कुछ वित्तीय परिसंपत्तियों पर लघु अवधि लाभ पर 20 प्रतिशत की कर दर लागू होगी।
- सभी वित्तीय और गैर-वित्तीय परिसंपत्तियों पर दीर्घअवधि लाभ पर 12.5 प्रतिशत की कर दर लागू होगी।
- निम्न और मध्यम आय वाले वर्गों के लिए लाभ के लिए परिसंपत्तियों पर पूंजीगत लाभ की छूट सीमा बढ़ाकर ₹ 1.25 लाख प्रति वर्ष कर दी गई।

**मुकदमेबाजी और अपील–**

- अपील में लंबित आयकर विवादों के समाधान के लिए 'विवाद से विश्वास योजना, 2024'।
- कर न्यायाधिकरणों, उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय में प्रत्यक्ष कर, उत्पादक शुल्क और सेवा कर

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

से संबंधित अपील दायर करने की मौद्रिक सीमा क्रमशः ₹ 60 लाख, ₹ 2 करोड़ और ₹ 5 करोड़ तक बढ़ा दी गई।

- मुकदमेबाजी को कम करने तथा अंतर्राष्ट्रीय कराधान में निश्चितता प्रदान करने के लिए सुरक्षित बंदरगाह नियमों का विस्तार किया गया।

**रोजगार और निवेश–**

- स्टार्ट-अप इको-सिस्टम को मजबूत करने के लिए सभी वर्ग के निवेशकों के लिए एंजल टैक्स समाप्त कर दिया गया।
- भारत में क्रूज पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए घरेलू क्रूज परिचालन करने वाली विदेशी शिपिंग कंपनियों के लिए सरल कर व्यवस्था।
- देश में कच्चे हीरे बेचने वाली विदेशी कंपनियों के लिए सुरक्षित बंदरगाह दरें।
- विदेशी कंपनियों पर कॉर्पोरेट कर की दर 40 प्रतिशत से घटाकर 35 प्रतिशत कर दी गई।

**कर आधार को बढ़ाना–**

- प्रतिभूतियों के वायदा और विकल्प पर प्रतिभूति लेनदेन कर को बढ़ाकर क्रमशः 0.02 प्रतिशत और 0.1 प्रतिशत कर दिया गया।
- प्राप्तकर्ता के हाथों शेयरो की पुनः खरीद पर प्राप्त आय पर कर लगेगा।

**सामाजिक सुरक्षा के लाभ–**

- एनपीएस के लिए नियोक्ताओं द्वारा व्यय की कटौती को कर्मचारी के वेतन के 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत किया जाएगा।
- 20 लाख रुपये तक की छोटी चल विदेशी संपत्ति की सूचना न देने पर जुर्माना समाप्त कर दिया गया।

**वित्त विधेयक में अन्य प्रमुख प्रस्ताव–**

- 2 प्रतिशत का समतुल्यीकरण शुल्क वापस ले लिया गया।
- तीन कैंसर दवाओं अर्थात् ट्रैस्टुजुमैबडेरक्सटेकन, ओसिमर्टिनिब और डुरवालुमैब को सीमा शुल्क से पूरी तरह छूट दी गई।
- सोने और चांदी पार सीमा शुल्क घटाकर 6 प्रतिशत कर दिया गया तथा प्लैटिनम पर 6.4 प्रतिशत कर दिया गया।
- आईएफएससी में विशिष्ट निधियों और संस्थाओं के लिए कर लाभ का विस्तार।
- बेनामी लेनदेन (निषेध) अधिनियम, 1988 के तहत दोषसिद्धि में सुधार के लिए पूर्ण और सत्य खुलासा करने वाले बेनामीदारों को दंड ओर अभियोजन से छूट।

## Newspaper of 25 July, 2024

- **फ्रांस के पैरालंपिक टेनिस खिलाड़ी केविन पिएटे (36) ने ओलंपिक मशाल के साथ मार्च करके इतिहास में ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी के रूप में अपना नाम दर्जा करा लिया–**

एक सड़क दुर्घटना ने 11 साल की उम्र में पिएटे से उनके चलने-फिरने की क्षमता छीन ली थी लेकिन, उनका हौसला नहीं छीन सकी। व्हील चेयर तो उनका हमेशा का साथी है, कभी-कभी गियर वाले हाइटेक रोबोटिक 'एक्सोस्केलेटन' पहनकर वह न सिर्फ चल लेते हैं बल्कि सीढ़ियाँ भी चढ़ सकते है।

- **24 जुलाई, 2024 को डीआरडीओ ने बेलिस्टिक मिसाइल रक्षा प्रणाली का सफल परीक्षण किया। अब्दुल कलाम द्वीप के लॉन्च पैड से पहले पृथ्वी-2 बैलिस्टिक मिसाइल दागी, इसके बाद इंटरसेप्टर मिसाइल एडी-1 से पृथ्वी-2 को हवा में ही नष्ट कर दिया।**

- **हेनले पासपोर्ट इंडेक्स में सिंगापुर पहले, भारत 82वें स्थान पर रहा–**

हाल ही में लंदन स्थित वैश्विक नागरिकता और निवास सलाहकार फर्म हेनले एंड पार्टनर्स ने दुनिया के सबसे शक्तिशाली पासपोर्ट की सूची जारी की है। ग्लोबल रैंकिंग के अनुसार सिंगापुर के पासपोर्ट से 195 देशों में वीजा-फ्री पहुँच मिलती है। इंडेक्स में भारत के पासपोर्ट को 82वें स्थान पर रखा गया है, जिससे 58 देशों में वीजा-फ्री एंट्री की जा सकती है। 103 देशों की लिस्ट में पाकिस्तान 100वें स्थान पर है, जिसके पासपोर्ट से 33 देशों में वीजा फ्री एंट्री होती है। लिस्ट में सबसे आखिर में यमन, इराक, सीरिया और अफगानिस्तान है।

- **फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा ने अपना सबसे एडवांस और सबसे बड़ा एआई मॉडल लामा 3.1 लॉन्च किया–**

हाल ही में फेसबुक की पेरेंट कंपनी मेटा ने अपने सबसे एडवांस और सबसे बड़ा एआई मॉडल लामा 3.1 लॉन्च किया है। यह ओपन सोर्स मॉडल है। इसका मुकाबला जीपीटी-4, जीपीटी-4 और और क्लाउड 3.5 सॉनेट जैसे मॉडल के साथ होगा। यह मॉडल सफल रहा तो मेटा इस साल के अंत तक दुनिया में सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया जाने वाला एआई अस्टिटेंट होगा। जकरबर्ग के मुताबिक मेटा का नया एआई मॉडल पहले के मॉडल के मुकाबले अधिक भाषाओं को सपोर्ट करता है। इसके अलावा यह ज्यादा रीजनिंग उपलब्ध करा पाएगा। नए मॉडल में नया एआई फीचर जोड़ा गया है। इसकी मदद से इमेज भी बनाई जा सकेगी। इस अल्ट्रा-फास्ट मॉडल को कहीं भी रन किया जा सकेगा। लोगों को सवालों का सटीक जवाब मिल सकेगा।

जकरबर्ग ने दावा किया कि लामा 3.1 से दुनिया में बड़े बदलाव देखने को मिलेंगे। इसकी मदद से रचनात्मकता व उत्पादकता को बढ़ाने में मदद मिलेगी। मानव जीवन की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा। इससे भविष्य में नवाचारों को

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com

बढ़ावा देने, स्टार्टअप शुरू करने में मदद मिलेगी। सीमित संसाधन वाले देशों के लोग लाभ उठा सकेंगे। ओपन सोर्स मॉडल होने के कारण लामा 3.1 को लाइसेंस से वाणिज्यिक या गैर-वाणिज्यिक रूप में कहीं भी इस्तेमाल किया जा सकता है।

- **24 जुलाई, 2024 को भारतीय खेल प्रशासक नीता अंबानी को सर्वसम्मति से अन्तर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) का दोबारा सदस्य चुना गया है।**

उल्लेखनीय है कि नीता अंबानी वर्ष 2016 में रियो ओलंपिक खेलों में पहली बार आईओसी सदस्य चुनी गई थी।

## Newspaper of 26 July, 2024

- **हाल ही में राष्ट्रपति भवन के 'दरबार हॉल' का नाम बदलकर 'गणतंत्र मंडप' व 'अशोक हॉल' का नाम बदलकर 'अशोक मंडप' रखा गया है। इनके नाम बदलने का मकसद राष्ट्रपति भवन के माहौल को भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों और लोकाचार का प्रतिबिम्ब बनाना है।**

उल्लेखनीय है कि भारत के गणतंत्र बनने के बाद दरबार शब्द की प्रासंगिकता खत्म हो गयी है। अशोक हॉल का नाम बदलकर 'अशोक मंडप' करने से भाषा में एकरूपता आएगी।

- **सिक्किम : अब पर्यटकों को कचरा बैग लाना जरूरी होगा, सरकार ने गाड़ी से कचरा बाहर फेंकने पर प्रतिबंध लगाया–**

सिक्किम सरकार ने प्लास्टिक के इस्तेमाल पर पहले से ही पाबंदी लगा रखी है। अब पर्यटकों द्वारा चलती गाड़ी से कचरा बाहर फेंकने पर प्रतिबंध लगाते हुए राज्य के पर्यटन और नागरिक उड्डयन विभाग ने नई अधिसूचना जारी की है। इसमें कहा गया है कि राज्य में आने वाले सभी पर्यटक वाहनों में कचरे के लिए बैग लाना अनिवार्य होगा। वहीं, पर्यटकों को कचरे से निपटने और बैग के इस्तेमाल के बारे में सचेत करने की जिम्मेदारी टूर, ऑपरेटरों, ट्रैवल एजेंसियों और वाहन चालकों की होगी।

## Newspaper of 27 July, 2024

- **पेरिस ओलंपिक 2024 का रंगारंग आगाज हुआ; उद्घाटन समारोह पेरिस में सीन नदी के किनारे हुआ; शरत कमल तथा पी.वी. सिंधु भारतीय दल के ध्वजवाहक बने–**

26 जुलाई, 2024 को पेरिस ओलंपिक 2024 का रंगारंग आगाज हुआ। ओलंपिक के 128 साल के इतिहास में पहली बार उद्घाटन समारोह किसी स्टेडियम में नहीं हुआ। उद्घाटन समारोह पेरिस में सीन नदी के किनारे हुआ। ऑस्ट्रलिट्स ब्रिज से 85 नावों मे सवार विभिन्न देशों के 7 हजार से अधिक एथलीट एफिल टावर के सामने से गुजरे। भारतीय दल के ध्वजवाहक स्टार शटलर पीवी सिंधु और टेबल टेनिस स्टार शरत कमल रहे। दल में 78 खिलाड़ी और 12 ऑफिशियल हैं।

- समारोह 3 घंटे 45 मिनट चला, तीन हजार आर्टिस्ट ने परफॉर्म किया।
- 3 लाख दर्शक, 80 देशों के राष्ट्र प्रमुख भी उद्घाटन समारोह में आए।
- 206 देशों के खिलाड़ियों ने ओपनिंग सेरेमनी में हिस्सा लिया।

उद्घाटन समाराह में हिन्दी को भी सम्मान मिला क्योंकि इस कार्यक्रम का छह भाषाओं में अनुवाद भी प्रसारित हुआ, जिसमें हिन्दी भाषा शामिल थी।

**ओलंपिक 2024 विशेष–**

- उद्घाटन समारोह सीन नदी पर हुआ।
- 06 किमी की परेड ऑफ नेशंस हुई।
- 94 नावों का इस्तेमाल हुआ।
- 205 देशों के 6500 एथलीट शामिल हुए।
- भारत 84 नंबर पर नजर आया।
- भारत 16 खेलों में शामिल होगा।
- भारत के 78 खिलाड़ी परेड में शामिल हुए।

- **चंडीगढ़ अपना 'ट्री मैप' तैयार करेगा सभी पेड़ों की होगी जियो-टैगिंग; देश में ऐसा करने वाला पहला शहर बनेगा**

चंडीगढ़ देश का पहला ऐसा शहर होगा, जिसके पास 'ट्री मैप' होगा। इतना ही नहीं, आधुनिक जीआइएस पर आधारित तकनीक का उपयोग करके केन्द्र शासित प्रदेश में सभी पेड़ों की जियो-टैगिंग भी की जाएगी। इसमें अपनी तरह के पहले मैप में प्रत्येक मार्ग में मुख्य वृक्ष प्रजातियाँ, लगाए गए वृक्षों और वनस्पति की अन्य प्रजातियों की अनुमानित संख्या भी अंकित होगी।

हाल ही में प्रशासन व पुरातत्व विभाग की एक बैठक में 'ट्री मैप' तैयार करने का फैसला लिया गया है।

उल्लेखनीय है कि ट्री मैप से पेड़ों की उम्र और स्थिति उनके वैज्ञानिक प्रबंधन, जोखिम व उपयुक्त पेड़ प्रजातियों के साथ प्रतिस्थापन के उपाय करने में सुविधा होगी। चंडीगढ़ में पहले मृदा संरक्षण कार्यों के लिए अधिग्रहित 25.98 वर्ग किमी पहाड़ी क्षेत्र अब सुखना वन्यजीव अभयारण्य घोषित किया जा चुका है। प्रदेश में 47.56 वर्ग किमी. क्षेत्र वन क्षेत्र और 10 वर्ग किमी वृक्ष क्षेत्र के अंतर्गत आता है।

- **असम के चराइदेव के अहोम युग के 'मोइदम' (शाही कब्रिस्तान) को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया–**

हाल ही में असम के चराइदेव इलाके के शिवसागर शहर से 28 किमी दूर अहोम युग (1228-1826) के 'मोइदम' (शाही कब्रिस्तान) को यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है। पूर्वोत्तर से पहली बार किसी धरोहर को इस सूची में जगह मिली है। इसके साथ ही सूची में भारतीय धरोहरों की संख्या 43 हो गई है। इससे पहले एशिया के किसी कब्रिस्तान को विश्व धरोहर घोषित नहीं किया गया।

मोइदम पिरामिड जैसी टीलेनुमा संरचनाएँ है, जहां ताई-अहोम राजवंश के सदस्यों को उनकी प्रिय चीजों के साथ दफनाया जाता था। ताई-अहोम राजवंश ने असम पर 600 साल शासन किया था। अंतर्राष्ट्रीय स्मारक एवं स्थल परिषद् ने मोइदम को यूनेस्को की सूची में शामिल करने की सिफारिश की थी।

अहोम मोइदम मध्यकालीन युग के असम के कलाकारों की वास्तुकला और विशेषज्ञता का नमूना हैं। इसका क्षेत्रफल 95.02 हेक्टेयर बफर जोन 754.511 हेक्टेयर है। चराइदेव के मोइदम के अंदर 90 संरचनाएँ ऊँची भूमि पर हैं। उन्हें ईंट, पत्थर व मिट्टी से टीले जैसा बनाया गया था। इसमें अष्टकोणीय दीवार के केन्द्र में मंदिर है। ताई-अहोम जनजातियाँ चीन से असम आई थीं। इनके राजाओं और रानियों का कब्रिस्तान होने के कारण इस जगह को पवित्र माना जाता है। ये टीले ऊपरी असम में पाए जाते हैं।

उल्लेखनीय है कि मोइदम में 3 हिस्से हैं। पहले हिस्से में एक कमरा या वॉल्ट है, जिसमें शव रखा जाता था। दूसरा हिस्सा कमरे को ढकने वाला अर्धगोलाकार टीला है। तीसरा हिस्सा शीर्ष पर ईंट की संरचना है, जिसे चाव चाली कहा जाता है। मोइदम का आकार छोटे टीले से लेकर बड़ी पहाड़ियों तक है।

## Newspaper of 28 July, 2024

### ■ राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने विभिन्न राज्यों के राज्यपाल नियुक्त किए; हरिभाऊ किसनराव बागड़े राजस्थान के राज्यपाल नियुक्त हुए–

27 जुलाई, 2024 को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने हरिभाऊ किसनराव बागड़े को राजस्थान का नया राज्यपाल मनोनीत किया है। इसके साथ ही अन्य राज्यों में राज्यपाल व प्रशासकों की नियुक्ति की गई है जिनमें–

- ♦ हरिभाऊ किसनराव बागड़े को राजस्थान का राज्यपाल बनाया गया है।
- ♦ जिष्णु देव वर्मा को तेलगांना का राज्यपाल बनाया गया है।
- ♦ ओम प्रकाश माथुर को सिक्किम का राज्यपाल बनाया गया है।
- ♦ संतोष कुमार गंगवार को झारखंड का राज्यपाल बनाया गया है।
- ♦ रामेन डेका को छत्तीसगढ़ का राज्यपाल बनाया गया है।
- ♦ सी.एच. विजयशंकर को मेघालय का राज्यपाल बनाया गया है।
- ♦ सी.पी. राधाकृष्णन को महाराष्ट्र का राज्यपाल बनाया गया है।
- ♦ श्री गुलाब चंद कटारिया को पंजाब का राज्यपाल तथा चंडीगढ़ का प्रशासक बनाया गया है।
- ♦ लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को असम का राज्यपाल बनाया गया है। मणिपुर के राज्यपाल का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

हरिभाऊ किसनराव बागड़े महाराष्ट्र विधानसभा के 2014 से लेकर 2019 तक अध्यक्ष रह चुके हैं। इससे पहले वे महाराष्ट्र की विभिन्न सरकारों में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री होर्टीकल्चर, रोजगार गारंटी मंत्री भी रह चुके हैं। भाजपा नेता रहे बागड़े औरंगाबाद जिले के रहने वाले हैं। 1985 में पहली बार विधायक चुने गए थे।

## Newspaper of 29 July, 2024

### ■ 28 जुलाई, 2024 को विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने टोक्यो में महात्मा गाँधी की प्रतिमा का अनावरण किया। उल्लेखनीय है कि डॉ. एस. जयशंकर क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए जापान यात्रा पर गए है।

### ■ श्रीलंका ने पहली बार महिला एशिया कप टी-20 का खिताब जीता–

श्रीलंका ने पहली बार महिला एशिया कप टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीता है। 28 जुलाई, 2024 को खेले गए फाइनल में टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 165 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका ने 18.4 ओवर में 2 विकेट खोकर जीत हासिल कर ली। टी-20 में यह श्रीलंका का सबसे बड़ा रन चेस है। एशिया कप 2024 टी-20 की विजेता टीम श्रीलंका 05 बार उपविजेता भी रह चुकी है। भारतीय टीम ने कुल 9 बार फाइनल में एशिया टी-20 मैच खेले हैं जिनमें वह 7 बार विजेता व 2 बार उपविजेता रही है।

## Newspaper of 30 July, 2024

### ■ भारत वर्ष 2025 में टी-20 प्रारूप में पुरुष एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा–

भारत अगले साल टी-20 प्रारूप में पुरुष एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी करेगा, जबकि 2027 में बांग्लादेश इस

टूर्नामेंट के वनडे प्रारूप का मेजबान होगा। एशियन क्रिकेट काउंसिल की ओर से प्रायोजकों के लिए जारी इन्विटेशन फॉर एक्सप्रेशन ऑफ इंटरेस्ट से प्राप्त जानकारी के मुताबिक 2025 के टी-20 एशिया कप में छह टीमों के बीच 13 मैच खेले जाएंगे। भारत 34 साल बाद एशिया कप की मेजबानी करेगा। एशिया कप 14 बार वनडे प्रारूप व 2 बार टी-20 फॉर्मेट में हो चुका है।

**दूसरी बार मेजबानी करेगा भारत :** भारत दूसरी बार एशिया कप की मेजबानी करेगा, इससे पहले 1990-91 में एशिया कप का आयोजन यहाँ हुआ था। उस संस्करण में कोलकाता के ईडन गार्डंस में मेजबान भारतीय टीम ने श्रीलंका को 7 विकेट से हराकर खिताब जीता था।

- **भारतीय टेनिस स्टार बोपन्ना ने संन्यास की घोषणा की–**

29 जुलाई, 2024 को पेरिस ओलंपिक के पुरुष डबल्स के पहले दौर में हार के बाद भारतीय टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना ने संन्यास की घोषणा की। वो अब भारत के लिए नहीं खेलेंगे। 44 वर्षीय बोपन्ना 21 वर्ष से भारत की ओर से खेले रहे थे। वो छह ग्रैंड स्लेम के मेंस डबल्स मैच में फाइनलिस्ट रहे। वे 2017 में मिक्स्ड डबल में फ्रेंच ओपन और 2024 में मेंस डबल्स में ऑस्ट्रेलियन ओपन जीत चुके है।

## Newspaper of 31 July, 2024

- **एलन मस्क की स्पेस एक्स अंतरिक्ष पर्यटन करवाएगी; स्पेसएक्स का पोलारिस डॉन मिशन 19 अगस्त, 2024 को लॉन्च किया जाएगा; इस मिशन में फिनटेक अरबपति जेरेड इसाकमैन को निजी स्पेसवॉक के लिए अंतरिक्ष में ले जाया जाएगा–**

एलन मस्क की स्पेसएक्स अंतरिक्ष पर्यटन की दुनिया में पहला कदम रखते हुए अंतरिक्ष पर्यटन करवाएगी। स्पेस एक्स कम्पनी का पोलारिस डॉन मिशन 19 अगस्त को लॉन्च किया जाएगा और फिनटेक अरबपति जेरेड इसाकमैन को निजी स्पेसवॉक के लिए अंतरिक्ष में ले जाया जाएगा। यह दुनिया में आयोजित होने वाला पहला स्पेसवॉक होगा।

- **भारतीय छात्रों ने फिजिक्स और कैमेस्ट्री ओलम्पियाड में स्वर्ण, रजत व कांस्य पदक जीते–**

हाल ही में भारतीय छात्रों ने ईरान के इस्फहान में सम्पन्न 54वें अंतर्राष्ट्रीय भौतिकी ओलंपियाड में दो स्वर्ण ओर तीन रजत पदक जीते है। साथ सऊदी अरब के रियाद में 56वें अंतर्राष्ट्रीय रसायन विज्ञान ओलंपियाड में एक-एक स्वर्ण और कांस्य पदक जीते है। भौतिक ओलंपियाड में भारत वियतनाम के साथ संयुक्त रूप से चौथे स्थान पर रहा। चीन पहले स्थान पर रहा। रूस व रोमानिया दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। भौतिक ओलंपियाड में 43 देशों व 193 छात्रों ने भाग लिया।

- **पेरिस ओलंपिक 2024 में शूटर मनु भाकर दो मेडल (दो कांस्य) लाने वाली भारत की पहली एथलीट बनीं; सबरजोत ने कांस्य पदक जीता–**

पेरिस ओलंपिक 2024 में शूटर मनु भाकर ने किसी एक ओलंपिक में ऐतिहासिक 2 मेडल (2 कांस्य पदक) प्राप्त किए है। ऐसा करने वाली वह भारत की पहली एथलीट बनी हैं। मनु भाकर ने पहला मेडल (कांस्य पदक) 10 मीटर एयर पिस्टल के सिंगल इवेंट में जीता तथा। दूसरा मेडल (कांस्य पदक) शूटिंग की 10 मीटर एयर पिस्टल मिक्स्ड टीम इवेंट में मनु भाकर और सबरजोत सिंह की जोड़ी को मिला। उल्लेखनीय है कि मनु भाकर शूटिंग की 25 मीटर स्पर्धा में भी फाइनल में पहुँची थी लेकिन चौथे नंबर पर रहीं।

- **मुम्बई की 16 साल की दिव्यांग जिया राय इंग्लिश चैनल अकेले तैरकर पार करने वाले दुनिया की सबसे कम उम्र की महिला पैरा तैराक बनीं–**

मुंबई की 16 साल की दिव्यांग जिया राय इंग्लिश चैनल अकेले तैरकर पार करने वाली दुनिया की सबसे कम उम्र की सबसे तेज महिला पैरा तैराक बन गई है। उन्होंने 28 से 29 जुलाई के बीच इंग्लैण्ड के एबॉट्स क्लिफ से फ्रांस के पॉइंट डे ला कोर्टे-डयून तक 34 किमी की दूरी 17 घंटे 25 मिनट में तय की। 'ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर' से पीड़ित होने के बावजूद जिया अंतर्राष्ट्रीय ओपन वाटर पैरा तैराक है। जिया ने इंग्लिश चैनल पार करने की उपलब्धि को ऑटिज्म की जागरूकता को समर्पित किया।

उल्लेखनीय है कि तैराकी में जिया की कई उपलब्धियाँ हैं। उन्होंने 2022 में श्रीलंका के तलाईमन्नार से भारत के धनुषकोडी तक पाक जलडमरू तैरकर पार किया। उन्होंने 13 घंटे 10 मिनट में 29 किलोमीटर की दूरी तय कर विश्व रिकॉर्ड बनाया था। वह कई अंतर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय पुरस्कार हासिल कर चुकी हैं। इनमें प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार शामिल है। यह 18 साल से कम उम्र के नागरिकों के लिए सर्वोच्च पुरस्कार है।

□□□

संजीव प्रकाशन, जयपुर
website : www.sanjivprakashan.com


संजीव®
49 वर्षों
से आपका विश्वसनीय
आपकी सफलता में सदैव आपका सहयोगी
CET
परीक्षा में
निश्चित
सफलता
हेतु
उपलब्ध
प्रमुख
पुस्तकें
संजीव
राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा आयोजित
CET स्नातक स्तर समान पात्रता परीक्षा
Vol. 1
संजीव प्रकाशन, जयपुर
CET स्नातक स्तर समान पात्रता परीक्षा
Vol. 2
CET स्नातक स्तर समान पात्रता परीक्षा
11 प्रैक्टिस टेस्ट पेपर्स
CET (10+2) समान पात्रता परीक्षा
CET (10+2) समान पात्रता परीक्षा
11 प्रैक्टिस टेस्ट पेपर्स
नवीन संस्करण 2023-24
राजस्थान
सार संग्रह
संजीव प्रकाशन की अन्य उपयोगी पुस्तकें
राजस्थान ATLAS
सामान्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी
पशु परिचर सीधी भर्ती परीक्षा
पशु परिचर सीधी भर्ती परीक्षा
10 प्रैक्टिस टेस्ट पेपर्स
कम्प्यूटर एक परिचय
Join Our Telegram
संजीव Telegram चैनल एवं Website से परीक्षा उपयोगी पाठ्य सामग्री नि:शुल्क प्राप्त करें। साथ ही संजीव वेबसाइट से आप Books एवं E-Books भी खरीद सकते हैं।
प्रकाशक-संजीव प्रकाशन, जयपुर
Visit us at : www.sanjivprakashan.com